Off : 01232- 243492
Res.: 01232-223718

# Department of Chemistry
Multanimal Modi College,Modinagar-201204 (UP)
(Affiliated to C.C.S.University, Meerut)
Website : www.mmcmodinagar.ac.in
E-mail: info@mmcmodinagar.ac.in

Ref. No........

Date: 23.11.2022

## Departmental Council

A meeting of the faculty members of the department was held at **10:30AM on 23.11.2022** in the department regarding the formation of Departmental Council. The Council for the session **2022-2023** was constituted unanimously and is as follows:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Dr.P.K.Garg Esq. (Principal) | | Chief Patron |
| 2. | Dr. M.Q. Ansari (Incharge) | | Convener |
| 3. | Dr. Rajpal Tyagi | | Director |
| 4. | Dr. Komal Gupta | | Deputy Director |
| 5. | Dr. Shivangi Trivedi | | Treasurer |
| 6. | Km. Prapti Tyagi | (M.Sc.II) | President |
| 7. | Km.Manasvi | (M.Sc.I) | Vice-President |
| 8. | Km..Rashi Tyagi | (B.Sc.III) | Secretary |
| 9. | Km.Shatakshi | (B.Sc.II) | Joint Secretary |
| 10. | Km. Naila Khatoon | (B.Sc.I) | Joint Secretary (Prachar Evam Prasar) |

**(Dr. M.Q.Ansari)**
**Head/Incharge,**
**Chemistry Department**

**(Dr. P. K. Garg)**
**Principal**

# **Activities**

The departmental Council of Chemistry have organized Poster and Quiz competition for UG and PG students in the department on 7th Dec 2022.









# एम एम कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता व क्वीज आयोजित

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर ( अनिल वशिष्ठ )।** मुल्तानीमल मोदी कालिज के रसायन विज्ञान विभागीय काउंसिल व महिला प्रकोष्ठ के द्वारा रसायन विज्ञान व समसामयिक विषयों पर पोस्टर प्रतियोगिता व क्वीज आयोजित की गई।रसायन विज्ञान विभागीय कार्उसिल के संयोजक डॉ राजपाल त्यागी व महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ दीपसिखा ने कार्यक्रम का आयोजन किया।आज के निर्णायक मंडल में डॉ मयंक डॉ ममता गुप्ता व दिनेश कुमार रहे तथा पारितोषिक वितरण डॉ बी.सी.पाण्डेय व डॉ मुहम्मद कासीम अंसारी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कारो से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिवप्रकाश, अनुज, डॉ जेपी यादव आदि शिक्षक साथी सम्मिलित रहे।

[redacted]

## प्रतियोगिता का आयोजन



**मीडिया अलर्ट**

मोदीनगर। मुल्तानीमल मोदी डिग्री कॉलेज के रसायन विज्ञान विभागीय काउंसिल व महिला प्रकोष्ठ द्वारा रसायन विज्ञान व समसामयिक विषयों पर पोस्टर व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रसायन विज्ञान विभागीय काउंसिल के संयोजक डॉ राजपाल त्यागी व महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ दीपसिखा के नेतृत्व ।के आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ मयंक, डॉ ममता गुप्ता व दिनेश ने निभाई जबकि पारितोषिक वितरण डॉ बीसी पाण्डेय व डॉ मुहम्मद कासीम अंसारी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिवप्रकाश, अनुज, डॉ जेपी यादव आदि शिक्षक साथी सम्मिलित रहे।

2. The departmental Council of Chemistry have organized Industrial Visit to Modi Sugar Ltd for PG students on 8th Dec 2022.








# मोदी डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने मोदी शुगर मिल में किया शैक्षणिक भ्रमण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**मोदीनगर** (अनवर खान)। मुलतानीमल मोदी डिग्री कालेज के रसायन विज्ञान विभागीय काउंसिल द्वारा आयोजित एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत विभाग द्वारा एमएससी रसायन विज्ञान के छात्र छात्राओं को मोदी शुगर मिल का भ्रमण कराया गया।

शैक्षणिक भ्रमण के दौरान मोदी शुगर मिल के एमडी एनपी बंसल द्वारा एमएससी रसायन विज्ञान के सभी छात्र छात्राओं का मिल में अभिनंदन किया गया। तथा विद्यार्थियों को मिल्की मशीनों के अलावा वहां बनने वाले चीनी आदि उत्पादों के बारे में गहन जानकारी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा उद्योग आदि के संबंध में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर भी एमडी एनपी बंसल द्वारा दिए गए। एनपी बंसल ने शैक्षणिक टूर आयोजित करने पर रसायन विभाग की सराहना करते हुए कहा कि कॉलेज में जहां किताबों के जरिए विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करते हैं और प्रयोगशाला में प्रयोगों के माध्यम से परीक्षण आदि करते हैं। किंतु इस प्रकार के शैक्षणिक टूर से विद्यार्थियों के भीतर मौजूद जिज्ञासाओं के ज्वार को शांत करने में मदद मिलती है। अंत में एमडी एनपी बंसल ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर रसायन विज्ञान विभागीय काउंसिल के संयोजक डॉ राजपाल त्यागी, सहसंयोजक डॉ कोमल गुप्ता, कोषाध्यक्ष डॉ शिवानी त्रिवेदी, डॉ दीपशिखा, डॉ शिवप्रकाश, डॉ अनुज मोर्या आदि के अलावा मोदी शुगर मिल के वाईस प्रेजिडेंट वेद प्रकाश मलिक व पर्सनल मैनेजर महेश चंद त्यागी आदि मौजूद थे।

# मुल्तानी मल मोदी डिग्री कॉलेज के छात्रों ने शुगर मिल में किया औद्योगिक भ्रमण



**हिन्द आत्मा संवाददाता**

**मोदीनगर**। मुलतानीमल मोदी कालेज के रसायन विज्ञान विभागीय काउंसिल द्वारा मोदी शुगर मिल में एक दिवसीय औधोगिक भ्रमण कर मिल अधिकारियों से फैक्ट्री में बनने वाले उत्पादनो के विषय में जानकारी हासिल की। गुरुवार को मोदी शुगर मिल में रसायन विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा किए एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के दौरान रसायन विज्ञान विभागीय काउंसिल के संयोजक डॉ. राजपाल त्यागी, सह संयोजक डॉ.कोमल गुप्ता, कोषाध्यक्ष डॉ.शिवानी त्रिवेदी, डॉ.दीप शिखा, डॉ.शिव प्रकाश , डॉ.अनुज मोर्या शिक्षक साथी सम्मिलित रहे। इस दौरान एमएससी रसायन विज्ञान के समस्त छात्र व छात्राओं ने भाग लिया।

मोदी शुगर मिल के एमडीएन पी बंसल, वाईस प्रेजिडेंट वेदपाल मलिक, पर्सनल मैनेजर महेश चंद त्यागी ने बच्चों को शुगर मिल में बननी वाले सभी उत्पादों के विषय में संपूर्ण जानकारी बच्चों के साथ सांझा की। एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण के दौरान रसायन विज्ञान विभाग में पढ़ने वाले सभी छात्र- छात्राओं ने प्राप्त किए। अपने अनुभवों के बारे में बताया कि उन्हें भ्रमण के दौरान काफी कुछ सीखने को मिला छात्रों ने इसके लिए कॉलेज के सभी अध्यापकों को धन्यवाद दिया।

## विद्यार्थियों ने औद्योगिक भ्रमण किया

गाजियाबाद, 8 दिसम्बर (नवोदय टाइम्स) : मुलतानीमल मोदी कॉलेज मोदीनगर के रसायन विज्ञान विभागीय काउंसिल द्वारा मोदी शुगर मिल में औद्योगिक भ्रमण किया गया। भ्रमण में रसायन विज्ञान के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। मोदी शुगर मिल के प्रबंध निदेशक एनपी बंसल, उपाध्यक्ष वेद प्रकाश मलिक व पर्सनल मैनेजर महेश चंद त्यागी ने छात्र-छात्राओं को शुगर मिल में तैयार सभी उत्पादों के विषय में अवगत कराया। विद्यार्थियों के साथ विचार-विमर्श भी किया। इस मौके पर विभागीय काउंसिल के संयोजक डॉ. राजपाल त्यागी, सह-संयोजक डॉ. कोमल गुप्ता, कोषाध्यक्ष डॉ. शिवानी त्रिवेदी, डॉ. दीपशिखा, डॉ. शिव प्रकाश, डॉ. अनुज मोर्या आदि मौजूद रहे।